संक्षिप्त समाचार

रोडवेज बस ने पीछे से मारी ट्राली को टक्कर, ट्रैक्टर चालक की मौके पर हुई मौत

अयोध्या : जनपद के रौनाही थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित जुबेर गंज सब्जी बाजार के निकट भोर में गोण्डा जनपद के वेऊन्दा निवासी विनोद कुमार सिंह 40 पुत्र प्रेमनाथ सिंह मंगलवार को ट्रॉली पर बालू लाद कर लेकर अपने घर को जा रहे थे। कि जुबेर गंज सब्जी बाजार के पास पहुंचते ही अयोध्या की तरफ से लखनऊ जा रही रोडवेज की बस में पीछे से जबरदस्त टक्कर मार दिया। टक्कर लगते ही ट्रैक्टर ट्रॉली पलट गया और चालक उसके नीचे दबकर गंभीर रूप से घायल हो गया स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दिया। मौके पर पहुँची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से चालक को निकाल कर एम्बुलेंस से इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा जहाँ पर डॉक्टरों ने मृत्य घोषित कर दिया। इस सम्बन्ध में पूछे जाने पर रौनाही थाना प्रभारी निरीक्षक पंकज कुमार सिंह ने बताया कि रोडवेज बस और चालक को कब्जे में ले लिया गया है। अभी कोई तहरीर नहीं मिली है तहरीर मिलने पर अगली कार्यवाही की जायेगी।

आने वाले त्योहारों और चुनाव को लेकर हुई शांति कमेटी की बैठक सम्पन्न

अयोध्या : जनपद के रौनाही थाना परिसर में इंस्पेक्टर क्राइम अब्दुल रहमान की अध्यक्षता में शांति कमेटी की बैठक संपन्न हुई। बैठक में मौजूद गणमान्य लोगों से रमजान ईद और होली के दौरान आपसी सामंजस्य बिगाड़ने वालों के सम्बन्ध में जानकारी लेते हुए सभी से आपसी सहयोग बनाए रखने की अपील किया। इंस्पेक्टर ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप त्यौहार में किसी प्रकार की नयी परंपरा को लागू नहीं किया जायेगा। होली में डीजे बजाने की और बिना सहमति से किसी पर रंग डालने वालों पर कठोर कार्यवाही की जायेगी। राजनैतिक दलों से आये लोगों को लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आगाह किया कि चुनाव आयोग के निर्देशानुसार ही जनसंपर्क करने की हिदायत दिया। अधीनस्थ पुलिस कर्मियों को अवैध शराब की बिक्री करने वालो को चिंहित कर कार्यवाही करने का कड़ा निर्देश दिया। इस मौके पर सत्ती चौरा चौकी प्रभारी गोविंद अग्रवाल, सुचित्ता गंज चौकी प्रभारी अनुराग पाठक, कांस्टेबल राहुल यादव, ग्राम प्रधान सहित समाजसेवी, सभासद एवं किसान नेता फरीद अहमद, कृष्ण कुमार गुप्ता उर्फ बाबा ,बीरभद्र गुप्ता ,अबरार खान ,गिरीश सहित क्षेत्रीय गणमान्य लोग मौजूद रहे।

पार्टी कार्यकर्ताओं नव नियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष का फूल मालाओं से किया स्वागत

अयोध्या : राष्ट्रीय लोकदल कार्यकर्ताओं ने किया नव नियुक्त राष्ट्रीय लोकदल प्रदेश उपाध्यक्ष विश्वेशनाथ मिश्रा (सुड्डू मिश्रा) का जिला अध्यक्ष बलराम यादव के नेतृत्व में अवध जोन अध्यक्ष चौधरी रामसिंह पटेल जिला महासचिव रामशंकर वर्मा ने स्वागत किया। इस दौरान जिला महासचिव रामशंकर वर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह ने प्रदेश महासचिव रहे विश्वेशनाथ मिश्रा को पार्टी के प्रति निष्ठा को देखते हुए उन्हें प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने पर राष्ट्रीय लोकदल कार्यकर्ताओं ने पार्टी कार्यालय आनंद नगर गौहनिया चौराहा पर फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। स्वागत से अभीभूत सुड्डू मिश्र ने कहा कि जो पद हमको मिला है पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ उसका निर्वाहन करूंगा कार्यकर्ताओं के सुख दुःख में हमेशा खड़ा रहूंगा। इस मौके पर दलित प्रकोष्ठ अवध जोन अध्यक्ष बेचूलाल ज्ञान, अवध जोन सचिव नेतराम वर्मा, जिला उपाध्यक्ष राजेश तिवारी, संगठन महासचिव रामशंकर वर्मा, जिला उपाध्यक्ष अवधेश रावत, जिला सचिव पारसनाथ विश्वकर्मा, राम जियावन वर्मा, युवा रालोद नेता अजीत वर्मा, विधानसभा अध्यक्ष बीकापुर अनिल तिवारी, जिला उपाध्यक्ष राम-लक्ष्मण कोरी, सौरभ पटेल, विजय यादव ने माला पहनाकर स्वागत किया।

सरकारी गौशालाओं में अव्यवस्था और देखरेख के अभाव में दम तोड़ रहे गोवंश

मिल्कीपुर/अयोध्या : सरकारी गौशालाओं में लापरवाही और उचित व्यवस्था न होने के कारण गोवंश दम तोड़ रहे हैं मौत के बाद मवेशियों का शव गौशाला में ही सड रहा है इससे उठने वाली दुर्गंध ने रास्ते में आने जाने वाले लोगों का जीना दुश्वार कर दिया है। चारा पानी के अभाव में मवेशियों की दुर्दशा व परिसर में चारों ओर फैली गंदगी का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। बताते चलें कि विकासखंड अमानीगंज के ग्राम पंचायत देवरा कटरा में सरकारी गौशाला का निर्माण कराया गया है यहां लगभग 255 मवेशियों को रखा गया है। व्यवस्थाओं की देखरेख के लिए उमेश शर्मा को रखा गया है लेकिन व्यवस्था बद से बदतर है इसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है वीडियो में गौशाला में गंदगी का अंबार लगा दिख रहा है परिसर में एक मवेशी दम तोड़ देने के कगार पर है और कोई जिम्मेदार अफसर खबर लिखने तक इन्हें उपचार करने की सुध भी नहीं ले रहा है। वही सरकार के द्वारा छुट्टा मवेशियों को ले जाकर सरकारी गौशाला में रखने का पुख्ता इंतजाम करती है लेकिन जमीनी स्तर पर कुछ और ही देखने को मिल रहा है जब इस संबंध में खंड विकास अधिकारी अमानीगंज से बात की गई तो उन्होंने बताया की तत्काल जांच करवा कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

गैस सिलेंडर से लगी आग व फटने से पूरी गृहस्थी जलकर हुई खाक

मिल्कीपुर/अयोध्या : जनपद के थाना खंडासा अंतर्गत ग्राम मटेरा में गैस सिलेंडर से लगी आग व उसके फटने से भीषण अग्निकांड से घर की सारी गृहस्थी जलकर राख हो गयी है। घर में रखा लाखों का सामान जलकर खाक हो गया है। आग से हुए नुकसान से गरीब परिवार का रो-रो कर बुरा हाल है। बता दें कि अयोध्या जनपद के थाना खंडासा अंतर्गत बहादुरगंज चौराहा के निकट ग्राम मटेरा मौजा कौराहा में सुरेश महरा पुत्र बुद्धू के घर में अचानक बीतीरात गैस सिलेंडर फटने से बड़ा हादसा हुआ और घर में रखा लाखों रुपये का सामान जल गया। अग्निकांड की जानकारी मिलते ही सुनील कुमार तिवारी अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे, सुनील कुमार तिवारी जिला संयोजक श्रम प्रकोष्ठ ने बताया कि हरिकुमार तिवारी सेक्टर प्रमुख भारतीय जनतापार्टी के घर पर एक कार्यक्रम का आयोजन हुआ था। जहाँ पर पूरी टीम के साथ उपस्थित थे तभी अचानक आग लगने की जानकारी मिली और सोशल सुना तब अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचा, तो देखा गैस सिलेंडर फटने से घर में भीषण आग लगी है अपनी टीम के साथ आग बुझाने में जुट गया, अपनी जान पर खेलकर आग में फंसे व्यक्ति को सुरक्षित आग से निकाला, हालांकि अग्निकांड में शारीरिक नुकसान किसी को नहीं हुआ।

नंदगांव की लठामार होली में बरसाना के हुरियारों पर बरसती रही लाठियां, रंगमय हुआ पूरा नंदगांव

फगुवा लेने नंदभवन पहुंचे थे बरसाना के हुरियारें

अशफाक चौधरी

मथुरा। ब्रज की होली पूरे यौवन पर पूरे ब्रज में नजर आ रही है। मंगलवार को नंदगांव में लठामार होली खेली गई। इसमें शामिल होने एवं इसे देखने के लिए हजारों श्रद्धालु नंदगांव पहुंचे। बच्चे, युवा, बुजुर्ग सभी होली के रंग में मद मस्त दिखे। भगवान श्रीकृष्ण और राधारानी की होली लीला के हजारों भक्त साक्षी बने।

इस मौके पर नंदबाबा मंदिर में अबीर, रंग, गुलाल जमकर उड़ाया गया। कुछ देर के लिए तो मानो ऐसा लगा कि रंगों के बादल छाए हुए हैं। ढप-ढप ढोल की थाप पर श्रद्धालु थिरकते रहे। देश ही विदेशों से तीर्थनगरी आए श्रद्धालु भी नंदगांव पहुंचे। इसी कड़ी में छाता के नंदगांव में लट्ठमार होली का आयोजन चौक में किया गया है। जिसमें रंग बिरंगे परिधानों को पहनकर पहुंची नंदगांव की हुरियारिनों ने जमकर बरसाना के हुरियारों के साथ लट्ठमार होली खेली। इस दौरान डीएम शैलेन्द्र कुमार और एसएसपी शैलेश कुमार पांडेय ने होली का जायजा एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं को परखा और साथ ही लठमार होली का जमकर लुफ्त उठाया। मंगलवार को बरसाना के गोपी ग्वाल जुर मिल कर फगुवा लेने के लिए नंदभवन आते हैं। यहां द्वार पर खडे होकर कहती हैं फगुवा दै मोहन मतवारे फगुवा दै। फगुवा के बहाने एक बार फिर नंद के गांव में होली होती है।

फाग महोत्सव की इसी लीला को साकार करने के लिए बरसाना के बाद नंदगांव में लठामार होली का आयोजन मंगलवार को किया गया। मंगलवार की दोपहर करीब दो बजे से ही बरसाना से राधारानी सखी स्वरूप बरसाना से हुरियारों का आगमन शुरू हो गया है। यशोदा कुंड पर चकाचक रबडी, केसर युक्त भांग ठंडाई छानी गई। नंदगांव के लोगों द्वारा भव्य स्वागत सत्कार किया है। जैसा कि पहले से अंदेशा

था कि लाठियां बरसने वाली हैं तो इसके लिए सिर पर पगड़ी बांधी गई। कुंड से बाहर निकलकर एकत्रित हो ढालों को उपर करते हुए नंद के जमाई की जय से गगनभेदी जयघोष करते हुए भूरे का थोक से नंदभवन की ओर हुरियारे कूच कर रहे हैं। भूरे का थोक में गुलाब की पंखुडियों से जोरदार स्वागत किया गया। जगह जगह फूलों से रंगोली सजाई गई। छतों से सैंकडों ड्रमों में पहले से तैयार किया गया टेसू के फूलों का प्राकृतिक रंग हुरियारों पर बरसाया जा रहा था। हर कोई अद्वितीय प्रेम के इस रंग में सराबोर होने के लिए मचल रहा था। हुरियारों के झुंड के झुंड हुरियारिनों से इशारा कर कर के कह रहे हैं कि दर्शन दै निकस अटा में ते दर्शन दै। लहंगा चुन्नी और सोलह श्रृंगारों से सजी धजी हुरियारिनें अपने घर के द्वार, अटा अटरियाओं के झरोखों से झांकने लगीं। भंग की तरंग में मदमस्त हुरियारे हंसी ठिठोली करते हुए नंदभवन पहुंचे। नंदभवन में पहुंचते ही पहले से ताक में बैठे नंदगांव के ग्वालों ने बरसाना के हुरियारों पर पिचकारी, बाल्टियों से टेसू के फूलों के रंग से उनको सराबोर कर दिया। चारों ओर नंदभवन में विभिन्न रंगों की सतरंगी छटा छा गई।

नंदगांव बरसाना के समाजियों ने कृष्ण-बलराम के विग्रहों के सामने संयुक्त समाज गायन किया। तमाम परम्परागत रीति-रिवाजों के बाद शुरू होती है विश्व प्रसिद्ध लठामार होली। शाम के करीब साढ़े पांच बजे रंगीली चौक पर हजारों की संख्या में हुरियारे और हुरियारिन जमा हुए। इसके बाद वे नृत्य व गायन प्रस्तुत करते हैं। चंदा छिपमत जईयौ आज, श्याम संग होरी खेलुंगी, नैनन में मोहे गारी दई पिचकारी दई होरी खेली न जाय। इस तरह के तमाम लोकगीतों पर हुरियारे और हुरियारिन नृत्य करते कन्हैंया की अलौकिक लीला में मगन हो जाते हैं। संध्या को समाजियों का आदेश हो जाने पर प्रेम भरी लाठियों की बरसात शुरू हो जाती है। गोपियों ने जैसे ही उछल उछल कर लाठियों से प्रहार करना शुरू किया वैसे ही हुरियारों ने भी अपने करतब दिखाना शुरू कर दिया। हुरियारिन उछल कर लाठियां मारतीं तो हुरियारे मयूरी नृत्य कर लाठियों के प्रहारों को रोकते।

मयूरी नृत्य की फिरकनी से हुरियारिनों को पीछे हटने पर मजबूर कर दिया। बीच-बीच में वहां पर मौजूद अन्य भक्तों पर भी प्रेम पगी लाठियां दुलार दिखाती रहीं। लोग छतों से यह नजारा देख लालायित हो रहे थे। नंदगांव में हुरियारे और हुरियारिनों द्वारा पहली बार होली खेलने पर घर-घर मंगलगीत गवाए गए। इस दौरान मिठाइयां बांटी गईं। लठामार होली समापन के पश्चात हुरियारिन नंदबाबा मंदिर पहुंची। यहां नंद परिवार के दर्शन किए। इसके बाद घर पहुंचने पर सास, ननद, ससुर, पति एवं बडे बुजुर्गों के पैर छूकर आशीर्वाद लिया।

संस्कृति विवि में नींद के विकारों और इनके निदानों पर हुई गंभीर चर्चा

अशफाक चौधरी

मथुरा। संस्कृति विश्वविद्यालय में मनोविज्ञान विभाग द्वारा नींद सम्बंधी विकार जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि नींद संबंधी विकार कौन से हैं, इनके कारण क्या हैं और इन विकारों से मुक्ति पाकर कैसे अपने स्वास्थ्य को सामान्य बनाया जा सकता है।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डा. रजनीश त्यागी ने बताया कि नींद संबंधी विकार ऐसी स्थितियाँ हैं जो रात में आपको मिलने वाली नींद की गुणवत्ता, मात्रा और समय को प्रभावित करती हैं। सामान्य नींद संबंधी विकारों में अनिद्रा, बेचैन पैर सिंड्रोम, नार्कोलेप्सी और स्लीप एपनिया शामिल हैं। नींद संबंधी विकार आपके मानसिक स्वास्थ्य और शारीरिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकते हैं। आपको आवश्यक आराम पाने में मदद के लिए उपचार उपलब्ध है। डॉ. त्यागी ने बताया कि

कैसे हम अपने खानपान में बदलाव लाकर कर अपनी नींद सम्बंधी समस्याओं से निजात पा सकते है। उन्होंने न केवल उपचार के विषय में बात की बल्कि उनके कारणों पर भी प्रकाश डाला। उनके द्वारा दी गई जानकारी सभी के लिए महत्वपूर्ण थी।

जागरूकता के इस अभियान में मनोविज्ञान विभाग के छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति दीं। बी0 ए0 द्वितीय वर्ष के छात्राओं द्वारा एक नाटक को प्रस्तुत कर नींद सम्बंधी विकारों पर प्रकाश डाला गया। बी0ए0 प्रथम वर्ष की छात्रा पूजा यादव ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में नींद संबंधी विकारों की श्रेणियां कई बार बदली हैं। हाल ही में, नींद विकारों के अंतर्राष्ट्रीय वर्गीकरण ने लक्षणों के आधार पर नींद विकारों को वर्गीकृत किया है। जिसमें यह बताया गया है कि यह किसी व्यक्ति को ये कैसे प्रभावित करते हैं और शरीर प्रणाली को कैसे प्रभावित करते हैं। कार्यक्रम के दौरान बी0ए0 तृतीय वर्ष की छात्रा प्रोवि प्रीती लोधी ने अपना निजी अनुभव शेयर किया जब वह 8 वीं कक्षा छाता थी तो उसने नीद सम्बंधी विकार को झेला और बताया कि उनके परिवार द्वारा उन्हें सहयोग मिला जिससे वह पूर्ण स्वस्थ हो पायीं। कार्यक्रम का संचालन बी0 ए0 तृतीय वर्ष के छात्र आनंद सिंह रंधावा द्वारा किया गया। कार्यक्रम का समापन-विभाग की डीन डॉ0 मोनिका अवरोल के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ। कार्यक्रम के दौरान खेल अधिकारी रिचा जादौन और विभाग अध्यापक डॉ. उर्वशी शर्मा व अन्य सदस्य भी शामिल थे।

जनपद में 26 अप्रैल को जारी होगी चुनाव अधिसूचना

अयोध्या : जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन को सम्पन्न कराये जाने हेतु मा0 आयोग के निर्देशानुसार 26 अप्रैल को अधिसूचना जारी की जाएगी और उसी दिन से नामांकन की प्रक्रिया प्रारम्भ हो जायेगी। जिला निर्वाचन अधिकारी नीतीश कुमार ने बताया कि 54-फैजाबाद लोकसभा चुनाव पांचवें चरण में है जिसमें माननीय आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचन की अधिसूचना की तिथि 26 अप्रैल है। और नाम निर्देशन की अंतिम तिथि 3 मई नाम निर्देशन की संवीक्षा हेतु 04 मई तथा नाम वापसी की अंतिम तिथि 6 मई को निश्चित है। मतदान की तिथि 20 मई को तथा मतगणना का दिनांक 4 जून को होगी तथा 06 जून के पूर्व निर्वाचन पूर्ण करा लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि 54-फैजाबाद संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का नामांकन न्यायालय कक्ष, जिलाधिकारी, अयोध्या के कक्ष में होगा। संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 54 फैजाबाद हेतु नितीश कुमार जिलाधिकारी/रिटर्निंग आफिसर होंगे। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 54ङ्कफैजाबाद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में राम आसरे वर्मा, उप जिलाधिकारी दरियाबाद, अंशिका दीक्षित उपजिलाधिकारी रूदौली, राजीव रत्न सिंह उपजिलाधिकारी मिल्कीपुर, अशोक कुमार सैनी उपजिलाधिकारी सोहावल तथा राजकुमार पांडेय उपजिलाधिकारी सदर कुल 05 सहायक रिटर्निंग आफिसर बनाए गए हैं। लोक प्रतिनिधित्व 1951 की सुसंगत धाराएं एवं आयोग द्वारा जारी किये गये निर्देश प्रभावी होंगे। उन्होंने बताया कि जनपद में लोकसभा सामान्य निर्वाचन को आयोग के निर्देशानुसार सकुशल, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गयी है।

लट्ठामार होली पर बरसाना और नंदगांव में सिविल डिफेंस ने दिखाया अपना दमखम

अशफाक चौधरी

मथुरा। सोमवार और मंगलवार को ब्रजमंडल के बरसाना तथा नंदगांव में आयोजित हुई विश्व प्रसिद्ध लट्ठा मार होली में नागरिक सुरक्षा संगठन के वार्डन पदाधिकारी और स्वयं सेवकों द्वारा भीड़ को नियंत्रित करने के अलावा यातायात व्यवस्था बनाने तथा खोए हुए तीर्थ यात्रियों को उनके परिजनों से मिलाने में अहम भूमिका अदा की।

मुख्य वार्डन राजीव अग्रवाल बृजवासी डिप्टी चीफ वार्डन कल्यान दास अग्रवाल एवं उप नियंत्रक नागरिक सुरक्षा जसवंत सिंह सहायक उप नियंत्रक जितेंद्र देव सिंह के निर्देशन में तीन दर्जन से ज्यादा वार्डन सेवा के महिला और पुरुष स्वयंसेवकों ने बरसाना के बाद मंगलवार को नंदगांव के रंगीली चौक पर लट्ठामार होली देख रहे तीर्थ यात्रियों को नियंत्रित करने में अहम भूमिका अदा की। वही यातायात व्यवस्था बनाने में भी सिविल डिफेंस के स्वयंसेवकों ने पुलिस प्रशासन का सहयोग किया।

इस संबंध में जानकारी देते हुए सिविल डिफेंस के स्टाफ ऑफिसर टू चीफ वार्डन दीपक कुमार बैंकर ने बताया है कि नागरिक सुरक्षा संगठन आवश्यकता पड़ने पर पुलिस प्रशासन का पर्व त्यौहार तथा आपातकालीन स्थिति में विशेष योगदान देता रहा है। नागरिक सुरक्षा संगठन की भूमिका की नियंत्रक एवं जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडेय आदि ने भूरी भूरी प्रशंसा की है। आज बुधवार को श्री कृष्ण जन्म स्थान पर आयोजित होने वाली होली में नागरिक सुरक्षा संगठन के स्वयंसेवक बाहरी क्षेत्र में निष्काम ड्यूटी देकर यात्रियों की मदद करेंगे।

केएम में आयुष्मान से हुआ निःशुल्क पहला सफल ऑपरेशन

अशफाक चौधरी

मथुरा। केएम हास्पिटल में नए नए आयाम स्थापित किए जा रहे है। इसी श्रृंखला में सर्जरी विभाग की डाक्टर्स टीम ने अग्नाशय में सूडो सिस्ट बीमारी होने पर एक महिला के पेट का सिस्टो गैस्ट्रोस्टॉमी ऑपरेशन कर 13सेंटी मीटर की गांठ एवं पानी बाहर निकालकर उसे नया जीवन प्रदान किया है। केएमयू के कुलाधिपति ने डाक्टर्स टीम को बधाई दी है।

केएम विवि के कुलाधिपति किशन चौधरी ने बताया कि पहली बार सिस्टोगैस्ट्रोस्टॉमी का सफल ऑपरेशन किया गया। यहां आयुष्मान

योजना के तहत मरीजों का निःशुल्क ऑपरेशन किया जा रहा है, आज केएम अस्पताल स्वास्थ्य की राजधानी के रूप में मथुरा में तेज गति से शिखर छूने लगा है। सर्जरी विभाग में मथुरा जिले के गांव सिरसा निवासी 49 वर्षीय महिला कमला पिछले डेढ़ साल से पेट दर्द की समस्या से परेशान थी, उसका पेट फूलता जा रहा था। कई अस्पतालों में दिखाया लेकिन कोई फायदा नहीं मिला। एक से डेढ़ लाख तक के खर्चे के कारण कमला को कहीं दर्द से निजात नहीं मिली। कमला के पति बिजेन्द्र केएम अस्पताल पहुंचा जहां उसने सर्जरी डिपार्टमेंट के एसोसिएट प्रोफेसर सर्जरी संकल्प श्रीवास्तव और डा. अजय जैन को दिखाया, तो उन्होंने जल्द ऑपरेशन की सलाह दी। आयुष्मान कार्ड होने की वजह से उसका ऑपरेशन निःशुल्क किया गया।

डा. संकल्प श्रीवास्तव ने बताया कि शरीर में पैंक्रियाज जो पाचन तंत्र का अहम भाग होता है, इसमें जब इंफेक्शन हो जाता है तब पेट और पैंक्रियाज के बीच एक थैली में पानी बनने लगता है। पेट और पैंक्रियाज के बीच जो पानी इकट्ठा होता है वह एक तरह की गांठ का रूप ले लेता है।

संक्षिप्त समाचार

खाद्य सुरक्षा विभाग का खाद्य प्रतिष्ठानों पर छापा

मथुरा। आगामी होली त्यौहार के दृष्टिगत जनपद में खाद्य पदार्थ की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु खाद्य एवं सुरक्षा औषधि प्रशासन विभाग द्वारा जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में खाद्य प्रतिष्ठानों पर छापामार कार्रवाई की गई। खादद्य सुरक्षा अधिकारी की टीम द्वारा बलदेव क्षेत्र के नगला संजय में मावा बनाने के प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई करते हुए संदेह के आधार पर तीन नमूना संग्रहित किए गए। उसके बाद टीम ने बलदेव बाजार में खाद्य प्रतिष्ठानों से मिल्क केक तथा वेजिटेबल सॉस के नमूने, बरसाना क्षेत्र में टीम द्वारा पेड़ा, ड्रिंकिंग वॉटर एवं हल्दी पाउडर का नमूना जांच हेतु संग्रहित किया गया। डॉक्टर गौरी शंकर सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासनने बताया कि सभी खाद्य कारोबारियो से अनुरोध कि गुणवत्ता युक्त खाद्य एवं पेय पदार्थ का ही विक्रय करें।

सीआरपीएफ ने मनाया 85 वां स्थापना दिवस, शहीदों को किया नमन

मथुरा। 16 बटा. के.रि.पु. बल सीआरपीएफ ने रॉची बांगर स्थित अपने मुख्यालय में मंगलवार के.रि.पु. बल का 85 वां स्थापना दिवस विधिवत तरीके से मनाया। के.रि.पु. बल की स्थापना 27 जुलाई 1939 को नीमच (मध्य प्रदेश) में काउन रिप्रजेंटेटिव पुलिस के रूप में हुयी थी। देश की आजादी इस बल के लिये भी एक बडा परिवर्तन लेकर आई और एक अधिनियम के तहत 1949 में इसका नाम केन्द्रीय रिर्जव पुलिस बल कर दिया गया एवं 19 मार्च 1950 को तत्कालीन गृहमंत्री सरदार बल्लभ भाई पटेल द्वारा इस बल को ध्वज प्रदान किया गया। अतः इस दिन को के.रि.पु. बल दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर सुरेश कुमार (पी.एम.जी.) कमाण्डेन्ट 16 बटा0 ने पुष्पांजली अर्पित करते हुए शहीदों को श्रद्धांजली दी। कमाण्डेन्ट ने जवानों को सी.आर.पी.एफ. के बहादुरी एवं वीरतापूर्ण कार्यो का गौरवमयी इतिहास के बारे में बताया। तत्पश्चात कमाण्डेन्ट महोदय ने वाहिनी के अधिकारियों एवं जवानो को पुलिस महानिदेशक के.रि.पु. बल के द्वारा प्रदान किये गये 'पुलिस महानिदेशक प्रशस्ति पत्र एवं डिस्क' से सम्मानित किया, समस्त अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारियों व जवानों और उनके परिवार को बल के 85 वे स्थापना दिवस पर हार्दिक शुभकामनायें दी। इस अवसर पर जितेन्द्र सिंह चौहान (द्वितीय कमान अधिकारी) श्रीमती विजय लक्ष्मी चौहान (मुख्य चिकित्सा अधिकारी) देवेन्द्र सक्सेना (द्वितीय कमान अधिकारी), राजेश कुमार राय (उप-कमा.), सचिन कुमार (सहा. कमा.), अखिलेश कुमार (सहा. कमा.), निरीक्षक देशवीर सिंह, व अन्य सभी कार्मिक उपस्थित रहे।

जिला कारागार में खुला ब्यूटी पार्लर

मथुरा। कृष्ण की नगरी मथुरा में स्थित जिला कारागार में इंडिया विजन फाउंडेशन नई दिल्ली के सौजन्य से महिला बंदियों की ट्रेनिंग के लिए एक ब्यूटी पार्लर की स्थापना की गई। इसका शुभारंभ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव श्रीमती नीरू शर्मा द्वारा फीता काट कर किया गया। इस अवसर पर इंडिया विजन फाउंडेशन नई दिल्ली की डायरेक्टर श्रीमती मोनिका धवन एवं उनके सहयोगी रवि श्रीवास्तव तथा नाजिया सहयोगी संस्था के रूप में उपस्थित रहे। शुभारंभ के उपरांत मंगलवार को कारागार में महिला दिवस एवं महिलाओं का होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन भी कराया गया। उक्त कार्यक्रम में अतिथि के रूप में डॉ स्वाति जाड़िया महिला चिकित्सक, श्रीमती अलका यादव प्रभारी एंटी रोमियो, श्रीमती राधा शर्मा प्रभारी जेल चौकी एवं श्रीमती प्रतिभा समाजसेविका उपस्थित रही। कार्यक्रम में पधारे अतिथि गणों को बुके भेंट कर एवं पटका पहनाकर उनका स्वागत किया गया तथा कारागार में निरुद्ध महिला बंदियो द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम के समापन पर इंडिया विजन फाउंडेशन द्वारा कारागार में निरुद्ध महिला बंदियों को कपड़े, चप्पल, हाइजीन किट एवं सेनेटरी नैपकिन उपलब्ध कराए गए। इस अवसर पर जेल अधीक्षक बृजेश कुमार जेलर महा प्रकाश सिंह चिकित्सा अधिकारी डॉ.उत्पल सरकार तथा फार्मासिस्ट सुभाष चंद्र द्विवेदी, डिप्टी जेलर कुंवारी करुणेश श्रीमती शिवानी यादव तथा अनूप कुमार एवं लेखाकार सी एम तिवारी आदि कार्मिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर इंडिया विजन फ़ाउंडेशन द्वारा जेल में निरुद्ध सभी महिलाओं को सूट, सेनेटरी नैपकिन,हाइजीन किट ,चप्पलें इत्यादि भी वितरित की गई। कार्यक्रम का नेतृत्व/संचालन डिप्टी जेलर श्रीमती शिवानी यादव द्वारा किया गया।